भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2461
जिसका उत्तर बृहस्पतिवार, 19 मार्च, 2015 को दिया जाना है

नोएडा में सम्पत्तियों के चयन के संबंध में भेल की प्रक्रिया

2461. सालिम अन्सारीः

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) द्वारा नोएडा (उत्तर प्रदेश) में पट्टे/किराए पर ली गई सम्पत्तियों का ब्यौरा क्या है और इनके मालिकों/कंपनियों के नाम क्या-क्या हैं;

(ख) नोएडा स्थित प्रत्येक सम्पत्ति/परिसर के लिए कितना पट्टा-किराया/किराया अदा किया जा रहा है और भेल द्वारा किस प्रकार के कार्य यहां किए जा रहे हैं; और

(ग) नोएडा में सम्पत्तियों के चयन के लिए भेल द्वारा सम्पत्ति-वार क्या प्रक्रिया अपनाई गई है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री जी. एम. सिद्देश्वर)

(क) से (ग): ब्यौरा नीचे दिया गया है:-

क्र.सं.	बीएचईएल द्वारा नोएडा (उ.प्र.) में पट्टे/किराए पर ली गई परिसंपत्ति/परिसंपत्तियों का ब्यौरा	चालू पट्टे/किराए की अवधि	स्वामी(यों)/कंपनियों का नाम जिनसे परिसंपत्ति पट्टे/किराए पर ली गई हैं।	पट्टा/किराया (₹ लाख)	कार्य की प्रवृत्ति/प्रयोजन जिसके लिए पट्टे/किराए पर ली गई परिसंपत्ति/परिसर का उपयोग किया जाता है	परिसंपत्ति का चयन करने के लिए अपनाई गई प्रक्रिया
1	तीसरा, चौथा और पांचवां तल, एडवैन्ट नवीस बिजनेस पार्क बिल्डिंग, प्लाट सं. 7, सेक्टर 142, एक्सप्रेस वे, नोएडा (बीएचईएल ने किराए पर लिए गए इस स्थान को सितम्बर, 2013 में अपने कब्जे में लिया।)।	कब्जे की तारीख से 4 वर्ष ।	मै. एडवैन्ट आईटी पार्क प्रा. लि.।	₹69.93 लाख/माह, सभी अन्य करों और शुल्कों सहित तथा सेवा कर को छोड़कर।	कर्मचारियों के लिए कार्यालय स्थल।	खुली निविदा तथा रिवर्स नीलामी के माध्यम से।
2	चौथा और पांचवां तल, माइंडमिल सॉफ्टवेअर लि. बिल्डिंग, फिल्मसिटी, प्लाट सं.24ए, सेक्टर 16ए, नोएडा [चौथे तल के लिए नवंबर, 2014 से और पांचवें तल के लिए दिसम्बर, 2014 से पट्टा अवधि बढ़ाई गई (प्रारंभ में चौथा तल नवंबर, 2011 से तथा पांचवां तल दिसम्बर, 2011 से तीन वर्ष के लिए पट्टे पर लिया गया था)]।	पट्टा अवधि को एक वर्ष के लिए बढ़ाया गया [अर्थात् चौथे तल के लिए नवंबर, 2015 तक तथा पांचवें तल के लिए दिसम्बर, 2015 तक]।	मैसर्स माइंडमिल सॉफ्टवेअर लिमिटेड।	₹24.89 लाख/माह, सभी करों सहित तथा सेवा कर को छोड़कर।	कर्मचारियों के लिए कार्यालय स्थल।	खुली निविदा तथा रिवर्स नीलामी के माध्यम से।
3	दूसरा और तीसरा तल, कृभको भवन, प्लाट ए-8/10, सेक्टर-1, नोएडा (परिसर अक्टूबर, 1996 से पट्टे की अवधि आगे तीन वर्ष बढ़ाने के प्रावधान के साथ पट्टे पर लिया गया था)।	विद्यमान पट्टा विलेख अक्टूबर, 2015 तक वैध है।	मैसर्स कृभको	₹10.81 लाख/माह, सेवा कर को छोड़कर।	कर्मचारियों के लिए कार्यालय स्थल।	सार्वजनिक क्षेत्र के अन्य उपक्रमों के साथ बातचीत के माध्यम से।

****